Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding alleged killings of civilians in Nagaland.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, नागालैंड में कल जो घटना घटी है... (व्यवधान)

सर, माइक ऑन नहीं है ।... (व्यवधान) नागालैंड में कल जो घटना घटी है, वह बड़ा ही दुखदायी और शर्मसार करने वाला मुद्दा है । नागलैंड में 16 से 17 बेगुनाह लोगों की मौत हुई है ।... (व्यवधान) इस घटना पर सदन में चर्चा करने के लिए मौका दिया जाए ।... (व्यवधान) नागालेंड में ये लोग शांति करार किए थे । इस शांति करार का नतीजा क्या निकला? ... (व्यवधान) हम सब इसे देख रहे हैं । इसके चलते आज सदन में सबसे बड़ा मुद्दा नागालैंड मुद्दा है, यह मुद्दा आज सदन में आना चाहिए ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप प्रश्न काल चलने दें ।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी ।

... (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): सर, यह काफी संवदेशील मामला है ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप एक अच्छी परंपरा डालें और प्रश्न काल चलने दें ।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सुदीप जी, आप क्या बोल रहे थे?

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप एक मिनट के लिए रूकिए । मैं आपको मौका दे रहा हूँ ।

… (व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, the issue of Nagaland has shaken the nation. … (*Interruptions*). Our simple expectation is that the hon. Home Minister should come to the House. … (*Interruptions*). Let him explain and make a statement in the House about the ongoing situation there … (*Interruptions*).

श्री प्रहलाद जोशी: सर, यह बहुत ही संवेदनशील मामला है । माननीय गृह मंत्री जी आज सदन में आकर स्टेटमेंट देंगे ।… (व्यवधान) माननीय गृह मंत्री जी आज ही सदन में स्टेटमेंट देंगे, मैं आपको आश्वस्त कर रहा हूँ ।आपकी भावना भी गृह मंत्री जी और सरकार जानती है । यह बहुत संवेदनशील मामला है ।… (व्यवधान) गृह मंत्री जी आज ही स्टेटमेंट देंगे । Hon. Home Minister will make a detailed statement today itself.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैंने आपको मौका दिया है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, प्लीज़, आप एक मिनट के लिए बैठिए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, सुदीप जी बोल चुके हैं । आप एक मिनट के लिए बैठिए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: दादा, आप बैठिए । आप मेरी बात सुन लीजिए, उसके बाद बोलिए ।

… (व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम):सर, मैं कहना चाहता हूँ कि हम लोगों ने एडजर्नमेंट मोशन दिया है ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, मैं आपको उसकी व्यवस्था दे रहा हूँ ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज़, आप सभी एक बार बैठ जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जिन विषयों की आप चर्चा कर रहे हैं, उस विषय पर माननीय गृह मंत्री जी ने मुझे लिखित में दिया है । वह सदन में आकर इस बात के लिए स्टेटमेंट देंगे ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक मिनट, पहले आप मेरी बात सुन लीजिए । प्लीज़, डिस्टर्बेंस मत कीजिए । आप सभी बैठ जाइए । यह तरीका ठीक नहीं है

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, गृह मंत्री जी आकर स्टेटमेंट देंगे । उन्होंने मुझे पत्र दिया है । संसदीय कार्य मंत्री जी ने भी सदन में अवगत कराया है । एक अच्छी परम्परा के अंतर्गत प्रश्नकाल चलना चाहिए । आप इसका पालन करेंगे तो यह सदन के लिए उचित रहेगा ।

… (व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, the hon. Home Minister could give the Statement now itself. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जब मैं आपका स्थगन खारिज करूंगा, उस समय मैं आपको बोलने का मौका दूंगा ।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, बात यह है कि यह जो घटना घटी है, इसकी गंभीरता के मद्देनजर सरकार को शुरू में ही स्टेटमेंट देना जरूरी था, लेकिन सरकार इसकी अहमियत को नहीं समझ रही है । जब मर्जी करे, तब यह स्टेटमेंट पारित करने की बात कर रहे हैं । … (व्यवधान) माननीय गृह मंत्री जी के साथ रक्षा मंत्री जी दोनों…..… (व्यवधान)

श्री प्रहलाद जोशी: सर, मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि गृह मंत्री जी ने ऑलरेडी लिखित रूप में दिया है । … (व्यवधान) गृह मंत्री जी आज ही स्टेटमेंट देंगे । सरकार संवेदनशील है । … (व्यवधान) It is a very sensitive and important matter, and हमारी सरकार इसकी इम्पॉर्टेंस समझती है और जब भी आप निर्णय देंगे, तब गृह मंत्री जी स्टेटमेंट देंगे । … (व्यवधान) What do they want? … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सस्यगण, मैं आप सभी को अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय और अवसर दूंगा ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैंने बोल दिया है कि आप सभी को अपनी बात रखने के लिए शून्यकाल में मौका दूंगा । दादा, मैंने सभी को बोल दिया है, तो फिर अब आप कृपया ऐसा मत करिए ।

… (व्यवधान)